**बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड**
An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
वेबसाइट:- bsbccl.bihar.gov.in

BSBCCL **BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.**
An ISO 9001:2008, 14001:2004&OHSAS 18001:2007 Certified Company
(A Government of Bihar Undertaking)
Website:- bsbccl.bihar.gov.in

Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513

पत्रांक–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–206/2016 (प्रशासन) दिनांक--

कार्यालय आदेश संख्या–01/2023

सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के पत्र संख्या–1/प्रो0(च0अ0)–1001/2012–सा0प्र0–22913, दिनांक–20.12.2022 द्वारा राज्य सरकार के अधीन सभी विभागों एवं इसके नियंत्राधीन लोक उपक्रमों (यथा बोर्ड, निगम, सोसाइटी, पर्षद इत्यादि) के समूह 'क' 'ख' एवं 'ग' के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्यों की विवरणी प्राप्त कर निर्धारित तय समय सीमा के अन्दर (31 मार्च 2023 तक) बेवसाईट के माध्यम से सार्वजनिक किया जाना है। साथ ही 15 फरवरी 2023 तक विवरणी समर्पित नही करने वाले पदाधिकारी/कर्मी के मासिक वेतन पर भुगतान अवरूद्ध रखे जाने का सकेगा।

2. उक्त आदेश के आलोक में भवन निर्माण विभाग से प्रतिनियुक्त/पदस्थापित समूह 'क' 'ख' एवं 'ग' के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों (जिनका वेतन भुगतान निगम द्वारा किया जाता है) का चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्व की विवरणी विहित प्रपत्र में (यह प्रपत्र सामान्य प्रशासन विभाग के वेबसाईट https;//state.bihargov.in/gad पर उपलब्ध है) दिनांक–31.01.2023 (मंगलवार) तक निगम मुख्यालय कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उक्त प्रतिवेदन ससमय विभाग को भेजा जा सके।

3. उच्च स्तरीय समिति के अनुशंसा के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प ज्ञापांक–1003, दिनांक–22.01.2021 के आलोक में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 नियोजित कर्मियों का भी चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्व की विवरणी निर्धारित समय में विहित प्रपत्र में प्राप्त किया जाना है।

4. महाप्रबंधक (वित्त) को निदेश है कि निगम मुख्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मियों का चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्व की विवरणी प्राप्त होने के उपरान्त ही माह फरवरी 2023 का वेतन भुगतान की कार्रवाई करेंगे।

5. सभी क्षेत्रीय उप महाप्रबंधकों को निदेश है कि अपने अधीनस्थ कर्मियों (स्वयं सहित) का चल एवं अचल सम्पति तथा दायित्व की विवरणी का अनुपालन प्रतिवेदन अद्योहस्तक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ससमय उपलब्ध नही कराने वाले कर्मियों के माह फरवरी 2023 का वेतन भुगतान रोके जाने के संदर्भ में वर्णित कंडिका–4 में दिये गये निदेश का अनुपालन करेंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

अनु0–यथोपरि। ह0/–

महाप्रबंधक (प्रशासन)

ज्ञापांक:– 83 पटना/दिनांक:–09/01/23

प्रतिलिपि:–मुख्य महाप्रबंधक/सभी महाप्रबंधक/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी उप महाप्रबंधक/कम्पनी सचिव/आई0टी0 मैनेजर (क्षेत्रीय कार्यालयों में ई–मेल के माध्यम से)/निगम मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में विभाग से प्रतिनियुक्त/पदस्थापित सभी पदाधिकारी/कर्मचारीगण (समूह 'क', ख' एवं 'ग') बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

09/1/2023

महाप्रबंधक (प्रशासन)